# एचपीवी वैक्सीन का एक टीका बेटियों को बचाएगा सर्वाइकल कैंसर से : डॉ. यादव

## जबलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में टीकाकरण का आह्वान, 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माताओं और बहनों का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं और बेटियों के लिए गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाकर इससे बचाव संभव है। वैक्सीन का एक टीका बेटियों को गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर से भविष्य में जीवनभर की सुरक्षा प्रदान कर सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को लगभग चार हजार रुपये मूल्य का यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बहनों और बेटियों से आह्वान किया कि वे सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए इस टीकाकरण अभियान का लाभ उठाएं और समय पर टीका अवश्य लगवाएं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने टीका लगवा चुकी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जबलपुर जिले को 37 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने 10.51 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन किया और 27.16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गीता भवन सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र तथा सोलर ट्रैफिक सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर योजनाएं चला रही है। लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं को अब हर माह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता उनके बैंक खातों में दी जा रही है। साथ ही रोजगारपरक उद्योगों में काम करने वाली महिलाओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने का भी निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है और संसद व विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आगामी नवरात्रि और गुड़ी पड़वा पर्व की शुभकामनाएं भी दीं।

### विद्या भारती परीक्षा तैयारी संस्थान के द्वितीय बैच का शुभारम्भ

# ज्ञान के साथ नैतिकता, संवेदनशीलता और सेवाभाव भी आवश्यकः राज्यपाल



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए केवल ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नैतिकता, संवेदनशीलता और सेवा का भाव भी उतना ही आवश्यक है। जीवन में बड़ा बनना अच्छी बात है, लेकिन अच्छा होना उससे भी बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों के पूर्व छात्र शिक्षा, समाज सेवा और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक योगदान दे रहे हैं, जो विद्या भारती के संस्कारों का प्रतिफल है। श्री पटेल ने यह बातें विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित स्व. अर्चना शुक्ला स्मृति परीक्षा तैयारी संस्थान 'समुत्कर्ष' के द्वितीय सत्र के शुभारम्भ कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान प्रज्ञादीप में आयोजित हुआ। मंचासीन थे संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी और न्यास अध्यक्ष बनवारी लाल सक्सेना।

राज्यपाल ने कहा कि विद्या भारती की शिक्षा युवाओं में निष्ठा, त्याग और निःस्वार्थ भाव विकसित करती है, जो समाज और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में एसएससी और राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। संस्थान के संयोजक श्री सुधांशु गोयल ने स्वागत उद्बोधन दिया और दूरस्थ अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधा की पहल बताई। अवसर पर राज्यपाल को स्मृति-चिन्ह और पुस्तक विद्या भारती भेंट की गई। विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष रविन्द्र कान्हरे ने कहा कि संगठन देशभर में लगभग 30 हजार विद्यालय संचालित कर शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहा है और भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### परोपकार, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को...

# प्रोत्साहित करना ही आनंदम् का ध्येयः परमार



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** राज्य सरकार द्वारा संचालित आनंदम कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में परोपकार, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को प्रोत्साहित करना है।

आनंदम सहयोगी समाज के विभिन्न वर्गों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सकारात्मक पहल को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा के भाव को मजबूत करने की प्रेरणा दी जा रही है। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने रविवार को चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ में राज्य आनंदम संस्थान द्वारा आयोजित आनंदम सहयोगी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।

श्री परमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित किया और समाज में सकारात्मकता, सेवा भावना तथा मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आनंदम अभियान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। श्री परमार ने कहा कि समाज में खुशहाली और संतोष की भावना तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के लोगों की मदद और सहयोग के लिए आगे आए। श्री परमार ने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और अनुभव को समाज के बीच ले जाकर जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय के कुलगुरू आलोक चौबे उपस्थित थे।

# स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की बड़ी कार्रवाई
## अंतर्राष्ट्रीय तस्कर तारकनाथ घोष गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में वन एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये लगातार समग्र प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी दिशा में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश द्वारा असूचना तंत्र विकसित कर प्राप्त सूचना के आधार पर 8 मार्च, 2026 को अत्यंत दुर्लभ जलीय और वन्य-जीवों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी प्रकरण में फरार आरोपी तारकनाथ घोष पुत्र निताई घोष, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल को कानपुर रेलवे स्टेशन से स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश की मुख्यालय भोपाल, इकाई शिवपुरी और वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली के संयुक्त दल द्वारा गिरफ्तार किया गया। तस्करी के प्रकरण में पूर्व में क्षेत्रीय इकाई भोपाल, शिवपुरी द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों से घड़ियाल के 30 बच्चे, 17 रेड क्राउंड-रूफ्ड कछुए, 19 स्ट्रिप्ड-रूफ्ड कछुए जब्त कर 12 जुलाई, 2025 को वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया था। इसमें 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपी तारकनाथ घोष को एसटीएसएफ द्वारा दर्ज वन अपराध प्रकरण 5 मई, 2017 को सीबीआई के सुपुर्द किया जा चुका है। यह आरोपी 9 वर्षों से फरार था, जिसे पकड़ने के लिये एसटीएसएफ द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी के विरुद्ध विशेष न्यायालय शिवपुरी के समक्ष प्रस्तुत कर फॉरेस्ट रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ की जायेगी, जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी भी जुटाई जा सकेगी। प्रकरण में विवेचना जारी है।

# शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में नगरवासियों का सहयोग जरूरीः तोमर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** ग्वालियर शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए सरकार के साथ समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को सीएसआर मद से नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराए गए संसाधनों के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर कही।



नगर निगम ग्वालियर को एनटीपीसी की ओर से 50 लाख रुपए की लागत से पांच ट्रेक्टर-ट्रॉली प्रदान की गई हैं, जबकि जिला अस्पताल बिरलानगर में व्यवस्थाओं के लिए 60 लाख रुपए से अधिक की राशि से विभिन्न आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें एचपी डेस्कटॉप कम्प्यूटर, यूपीएस, प्रिंटर, एचपी ऑफिस लैपटॉप, एलईडी टीवी, स्प्लिट एसी, वाटर कूलर, आरओ सिस्टम, फूड ट्रॉली, लांड्री ट्रॉली, टेबल, कुर्सियां, अनाउंसमेंट सिस्टम, एयर क्वालिटी मॉनीटर और क्लीनिंग मशीन शामिल हैं।

श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने नगर निगम को स्वच्छता के लिए जल्द ही डेढ़ करोड़ रुपए की राशि भी उपलब्ध कराने की जानकारी दी।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के निरंतर सहयोग से शहर में स्वच्छता और विकास की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं।

# घर-घर तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल

**भोपालः** श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निर्देश पर 'श्री' अवधारणा के अंतर्गत श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार एवं संपूर्ण विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों श्रम विभाग द्वारा संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में श्रम विभाग की पहल पर गठित प्रथम श्रमणा सहकारी समिति द्वारा नागरिकों को प्रशिक्षित, तकनीशियनों के माध्यम से घर-घर में तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं पेशेवर घरेलू तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा प्रशिक्षित श्रमिकों को स्थायी रोजगार किया जा सके।

### सागर को मिलेगी शिक्षा की बड़ी सौगात

# मुख्यमंत्री 11 मार्च को करेंगे ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का उद्घाटन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश के बुंदेलखंड की हृदयस्थली सागर के लिए 11 मार्च का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। जिले में उच्च शिक्षा और कौशल विकास को नई ऊंचाइयां देने के लिए ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है।

इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर इस शैक्षणिक संस्थान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे आयोजन स्थल पर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं।



मंत्री गोविंद सिंह राजपूत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि 'ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी सागर और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी। अब हमारे युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए महानगरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा यहीं मिलेगी।'

यूनिवर्सिटी के उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भव्य रोजगार मेले का भी शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि प्रतिवर्ष प्लेसमेंट के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आदित्य सिंह राजपूत ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। एसडीएम अमन मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, तहसीलदारउपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि उद्घाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# जल संरचनाओं की सफाई, अतिक्रमण हटाने और संरक्षण पर विशेष जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' की व्यापक कार्य योजना को अंतिम रूप दे दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुरूप तैयार इस योजना का उद्देश्य प्रदेश की जल संपदा का संरक्षण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार और नगरीय क्षेत्रों में बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

अभियान के तहत नगरीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नदियों, तालाबों, बावड़ियों और नालों के किनारों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें हटाने की प्रभावी कार्रवाई करें। इससे जल स्त्रोतों का प्राकृतिक स्वरूप बहाल होगा और वर्षा जल का प्रवाह सुचारु होने से भूजल स्तर में सुधार आएगा। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत प्रदेश की 112 जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए लगभग 67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन संरचनाओं का कुल क्षेत्रफल करीब 3315 एकड़ है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत नदियों को प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए 100 प्रमुख नालों के शुद्धिकरण पर 664 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

विभाग ने भविष्य की जल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 1000 जलग्रहण संरचनाओं के वैज्ञानिक संवर्धन और 5000 नाले-नालियों की सघन सफाई व सौंदर्यीकरण का लक्ष्य तय किया है। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में 5000 नई रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणालियां स्थापित की जाएंगी।

गर्मी के मौसम में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रमुख बाजारों, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ स्थापित किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के तहत अमृत 2.0 योजना में 116 नगरीय निकायों में 300 एकड़ क्षेत्र में नए हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा आगामी मानसून में प्रदेशभर में एक करोड़ पौधे लगाने की तैयारी भी की गई है। अभियान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 5000 युवाओं को 'अमृत मित्र' के रूप में पंजीकृत कर जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## सत्ता के गलियारे...

• डॉ. शिशिर उपाध्याय

### • पहले जैसी स्थिति अब नहीं रही




पिछले दिनों पार्टी के एक ताकतवर नेता ने अपने क्षेत्र में धार्मिक आयोजन कराया। धार्मिक आयोजन के नाम पर पूरे प्रदेश में भारी भरकम चंदा एकत्रित किया गया। बहुत सारे लोगों ने दिल खोलकर चंदा दिया, लेकिन कुछ जगह लोगों ने फोन नहीं उठाया और कुछ जगह हां कहकर भी आयोजन के लिए मदद करने से इनकार कर दिया। पहले जब इस तरह के आयोजन होते थे तो खर्च के लिए 1 करोड़ इकट्ठा होता था और 10 करोड़ तक जुट जाता था। लेकिन इस बार साहब बड़ा और भव्य आयोजन करना चाहते थे, पर जैसी उम्मीद थी वैसी मदद नहीं मिल पाई। अब सब कह रहे हैं कि पहले जैसी बात अब नहीं रही।

### • बुरा न मानो होली है




पिछले दिनों एक नेताजी, जो पहले सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, इन दिनों लगभग बेरोजगार हैं। उनके सबसे परिचित प्रतिद्वंदी अभी सत्ता में हैं। साहब ने होली की आड़ में गेम खेल दिया और अज्ञात नाम से साहब के पुराने सारे काले चिट्ठे 'बुरा न मानो होली है' के नाम पर जगह-जगह भिजवा दिए। अब सबको उम्मीद थी कि उन्हें शायद आने वाले समय में मौका मिलेगा, लेकिन हालत यह है कि टिकट मिलने तक के लाले पड़ सकते हैं। क्योंकि काला चिट्ठा जो सैकड़ों जगह भेजा गया है, उस पर अब पार्टी गंभीर नजर रखे हुए है।

### • हरी राम की तलाश जारी




पिछले दिनों सत्ताधारी दल के एक बड़े पद पर बैठे माननीय ने गोपनीय रूप से एक भव्य आयोजन कराया। आयोजन ऐसा था कि सत्ताधारी दल के कुछ लोगों को यह आयोजन कम और विरोधियों की बैठक ज्यादा नजर आया। पर सब कुछ गोपनीय रखना था। लेकिन अपने बीच में ही कोई जयचंद निकल आया, जिसने बैठक के ऑडियो, वीडियो और फोटो वहां पहुंचा दिए जहां नहीं पहुंचना चाहिए थे। अब सब परेशान हैं कि आखिर अपने बीच में जयचंद कौन है जिसने यह चाल चली। हालांकि इस बैठक को अभी होली महोत्सव के नाम पर किया गया आयोजन बताया जा रहा है।

### • अच्छे दिन आएंगे तांत्रिकों के सहारे




जब-जब मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चलती है, तब-तब एक साहब बड़ी उम्मीद से पूजा-पाठ में जुट जाते हैं। पिछले दिनों भी जैसे ही दिल्ली से ऐसी चर्चाएं चलीं कि होलाष्टक के बाद कुछ हो सकता है, साहब ने कोलकाता से कुछ तांत्रिकों को बुलवा लिया और एक अति गोपनीय स्थान पर अपने लिए तंत्र पूजा शुरू कर दी। क्योंकि सभी उनका यह तो बताते हैं कि वह मंत्री बन सकते हैं, लेकिन बस थोड़ी सी बाधा है। उसी बाधा को दूर करने के लिए तांत्रिकों के सहारे साहब अपनी नैया पार लगाना चाहते हैं।

### • हम सरकार हैं, हमें कानून तोड़ने का अधिकार है




पिछले दिनों मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र चल रहा था। गाड़ियों पर बड़ी-बड़ी नंबर प्लेटों के साथ पदाधिकारी की नेम प्लेट लगी हुई गाड़ियों पर पुलिस ने सख्ती की। विधानसभा के पास कुछ गाड़ियों को रोका गया और उन पर कार्रवाई की जा रही थी। लेकिन सत्ताधारी दल के एक बड़े पद पर बैठे माननीय का भतीजा आखिर क्यों मानता। उसने सीधा कह दिया कि हम सरकार हैं, हम कानून बनाते भी हैं और कानून तोड़ने का अधिकार भी रखते हैं। हालांकि पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करने की कोशिश जरूर की, लेकिन साहब का भतीजा होने के कारण वह आंख दिखाकर निकल गया।

### • एक खुलासा करे, दूसरा मध्यस्थता




पिछले दिनों मध्यप्रदेश में लंबे समय से राजनीतिक दलों की नूरा कुश्ती नजर आती रही है। लेकिन विधानसभा सत्र के दौरान कुछ मामलों में सत्ताधारी दल और विपक्ष की जबरदस्त दोस्ती नजर आई। मौसेरे भाई की तर्ज पर एक ने अपनी ही सरकार की कुछ कमियों को विपक्ष के माध्यम से जमकर हवा दिलवाई और उसके बाद खुद मध्यस्थ बनकर दोनों के साथ बैठकर डील कर ली। सांप भी मारा और लाठी भी नहीं टूटी। कारण भ्रष्टाचार रोकना नहीं था, बल्कि यदि भ्रष्टाचार हुआ है तो उसका कुछ हिस्सा अपने तक पहुंचाने के लिए यह परमार्थ किया गया था।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com